राजभाषा प्रकोष्ठ: नराकास (कार्यालय -3) की बैठक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय -3), लखनऊ की वर्ष 2016-2017 की द्वितीय बैठक दिनाँक 16.12.2016 को संस्थान के प्रेक्षागृह में हुई। जिसमें नराकास (कार्यालय -3) के कार्यालयों से कार्यालय प्रमुख एवं हिंदी से जुड़े हुए लोगों ने भाग लिया ।

इस बैठक में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कार्यालयों, एवं राजभाषा पत्रिका हेतु तीन पुरस्कार एवं जिन कार्यालयों द्वारा पिछली छमाही में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया था उनको प्रमाण पत्र नराकास के अध्यक्ष डा॰ ए॰ डी॰ पाठक द्वारा दिया गया। पिछले छमाही (अप्रैल - सितम्बर 2016) में किये गये कार्यों का बिन्दुवार चर्चा सदस्य सचिव डा॰ ए॰ के॰ साह द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किया गया ।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-3) के पुरस्कृत कार्यालयों की सूची

क्र.सं	कार्यालयों का नाम	स्थान
1	सीएसआईआर -भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	1
2	मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ	2
3	मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ	3
4	रेल संरक्षा आयोग, तकनीकी विंग, लखनऊ	4
5	जगजीवन राम रेलवे सुरक्षा बल अकादमी, लखनऊ	5
6	क्षेत्रीय कार्यालय, केन्द्रीय रेशम बोर्ड, लखनऊ	6
7	क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, लखनऊ	6
8	उप क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यालय, लखनऊ	7
9	अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन, (रेल मंत्रालय), लखनऊ	8
10	कार्यालय कमांडेंट - 93, बटालियन, के.रि.पु.बल, लखनऊ	9

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-3) के राजभाषा पत्रिका हेतु पुरस्कृत कार्यालयों की सूची

क्रम सं	कार्यालयों का नाम	स्थान
1	विषविज्ञान संदेश : सीएसआईआर -भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ	1
2	सारंग: मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, लखनऊ	2
3	सुगंध: केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ	3

राजभाषा प्रकोष्ठ : हिंदी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनाँक 20.12.2016 को वित्तीय वर्ष 2016-17 की तृतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ ए. के. श्रीवास्तव ने "हिंदी में पुस्तक लेखन के अनुभव" विषय पर व्यख्यान दिया। संस्थान में पिछले तीन महीने में राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किये गये कार्यों के बारे में राजभाषा प्रभारी डॉ ए. के. साह ने जानकारी दिया एवं कार्यक्रम का संचालन श्री अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किया गया ।